ಭಾರತ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಹೋರಾಟಗಾರರು, ಹಿಂದುಸ್ತಾನೀ ಸೇವಾದಳದ ಸಂಸ್ಥಾಪಕರು, ಡಾ. ನಾರಾಯಣ ಸುಬ್ಬರಾವ. ರುಡೀಕರರು ತಮ್ಮ ವೃದ್ಧಾಪ್ಯದಲ್ಲಿ ನಿಧನರಾದದ್ದನ್ನು ಕೇಳಿ ನನಗೂ, ನನ್ನ ಸಹೋದ್ಯೋಗಿಗಳಿಗೂ ಹಾಗೂ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ-ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿನಿಯರಿಗೂ ತುಂಬಾ ಆಘಾತವಾಯಿತು. ಈಚೆಗೆ ಬ್ರಹ್ಮಚಾರಿಗಳಾಗಿ ಜೀವನದ ಕೊನೆಯಂತೆ ಬಸವಳಿದವರಿಗೂ ಜನತೆಯಂತೆ ನಿಷ್ಠಾವಂತ ಸೇವಕರಾಗಿ ದುಡಿದ, ಹಿರಿಯ ಭಕ್ತನನ್ನು ಕಳೆದುಕೊಂಡದ್ದರಿಂದ ನಮ್ಮ ನಾಡಿಗೆ ತುಂಬಲಾರದ ಹಾನಿಯಾಗಿದೆ. ವಿಮಲಾ ಹಾಗೂ ಅವರ ಅಭಿಮಾನಿಗಳಿಗೂ ಇಂಥ ಅಪಾರ ದುಃಖದಲ್ಲಿ ನಾವು ಸಹಭಾಗಿಗಳಾಗಿದ್ದೇವೆ.

P.T.O.

ಮೃತರ ಹೆತ್ತವರಿಗೆ ಚಿರಶಾಂತಿ ದೊರಕಲೆಂದು
ಪ್ರಾರ್ಥಿಸುತ್ತೇವೆ.

Gram : "CONGRESS"

# CONGRESS SEVA DAL

(काँग्रेस सेवादल, बम्बई प्रदेश)

(वॉर्ड _____)

Date ३०/८/७५

~~Haribar Rawal~~
(G. O. C)

मध्यप्रदेश वैद्य,

पू० डॉक्टर साहबके निधन पर सेवादलकी बैठकमें मंजूर हुआ शोक प्रस्ताव. इसके साथ आपकी जानकारी के लिये भेज रहा हूँ। अंसारे पूर्व भेजा हुआ सार निकला ही होगा।

मधुकर
अध्यक्ष
(दल नायक)

Gram : "CONGRESS"

# CONGRESS SEVA DAL

( काँग्रेस सेवादल, बम्बई प्रदेश )

( वॉर्ड _____ )

78
62

Date 8/9/75

~~Harihar Raval~~
( G. O. C )

## शोक - प्रस्ताव

काँग्रेस सेवादलकी ओरसे आमंत्रित यह सभा सेवादलके आद्य-स्थापक व संचालक डॉ० अेन० अेस० हर्डीकर के ता० २४ अगस्त ७५ को हुअे निधन पर शोक व्यक्त करती है।

डॉक्टर साहबका पूरा जीवन लोक-सेवार्थ बीता। अुन्होंने मारुतिकी तरह निस्वार्थ व निरपेक्ष सेवा की। और अेक ऋषिकी तरह तपोमय जीवन बसर किया।

हिन्दुस्तानी सेवा दल, जो बादमें काँग्रेस सेवा दल हुआ, अुनकी सबसे बड़ी देन है। वास्तवमें वे ही भारतमें संगठित व प्रशिक्षित सेवाके लिअे सेवादल आंदोलन के जनक थे। आजतक सेवादलकी शिबिरोंमें हजारों युवक तैयार हो कर देशके विभिन्न क्षेत्रोंमें योगदान दे रहे हैं।

Gram : "CONGRESS"

# CONGRESS SEVA DAL

(काँग्रेस सेवादल, बम्बअी प्रदेश)

(वॉर्ड _____)

63

Date ९ ८ ।७५

~~Haribhai Raval~~
(G. O. C)

(२)

कर्णाटक आरोग्य धाम भी अुनका अेक बड़ा कार्य है। अुसकी स्थापना व विकासके लिअे अुन्होंने जो परिश्रम लिया है अुससे वह अुनका जीवंत स्मारक बन गया है।

अैसे परम सेवक, निष्ठावान, देशभक्तके अवसानसे देशकी अेक बड़ी क्षति हुअी है। अुनके जैसे लोकोंकी आजके अनुशासन-हीन समाजको अनुशासित करनेके लिअे बहुत ही ज़रूरत थी।

प्रभु दिवंगत आत्माको शांति दे। और अुनके आदर्शों पर चलनेकी हम सबको शक्ति दें।

64

# उत्तर प्रदेश काँग्रेस सेवादल

## जनपद कार्यालय एटा

पत्राङ्क .....  दिनाङ्क .....

आज दिनांक 29-8-95 को शाम 7 बजे एक आवश्यक बैठक कांग्रेस सेवा दल की वास्ते शोक श्रांजलि श्री हाडोकर साहब बुलाई गयी व निम्न प्रस्ताव पास हुआ -

: कांग्रेस सेवा दल सर्व सम्मति से श्री हाडोकर साहब के स्वर्गवास पर उन्हें श्रांजलि अर्पित करता है व ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शान्ति मिले व उनका लगाया सेवा दल का पौधा उनके निर्देशों पर चलकर भविष्य में आदर्श स्थापित करता रहे ।

उपरोक्त प्रस्ताव के साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वर्गवासी आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया ।

(ओ० पी० श्रीवास्तव)
नगर मंत्री
कांग्रेस सेवा दल
जनपद - एटा

STD. 1940. ॥ ಶ್ರೀ ಗುರು ಮೃತ್ಯುಂಜಯ ನಮಃ ॥

65 ~~27~~

# Akhil Bharat Sivanubhava Sangh,

Branch- **GHATAPRABHA.** R. S. ( Dist. Belgaum )

**ಅಖಿಲ ಭಾರತ ಶಿವಾನುಭವ ಸಂಘ,**

ಶಾಖಾ- **ಘಟಪ್ರಭಾ.** R. S. ( ಜಿ. ಬೆಳಗಾಂವ )

f. No. ೨೧ Date : ೩೧ - ೮ - 1982

## ಶ್ರದ್ಧಾಂಜಲಿ

ದಿ. ೨೮-೨೮-೮೨ ನೇದಿನ್ನ ಶ್ರೀಯುತ ಮಲ್ಲಿಕಾರ್ಜುನ ದೇವರು ಅಲಂಗಿ ದ ಶ್ರೀ ಮ್ಮ ಅಲ್ಲಂಗಿಯವರು ಶಿವಾನುಭವ ಮಂಟಪದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀ-ಮ-ನಿ-ಪ್ರ. ಶಿವಾನಂದ ಮುಡಾಲಗಿಯವರು. ಮಂಗ್ಳೋರಲ್ಲಿ ಕರಭಾಂತಿ ಮಠದವರನ್ನಿಧಿ ಯಲ್ಲಿ ಶ್ರೀ-ಮ-ನಿ-ಪ್ರ. ನಿಜಲಿಂಗ ಸ್ವಾಮಿಗಳವರು ಕಡೆಯಾಲಿ ದವರ ಉಪಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ ಶಿವಾನುಭವ ನಡೆದವು. ಮತ್ತು ನಾಗರಿಕರು. ನೆಲೆಯ ಮೂರ್ತಿ ಲಿಂಗದ ಮಠಾಧೀಶರಾದ ದಿವಂಗತ ಶಾ-ಮ-ನ-ಮ ಉರ್ಫ ಕರರು. ಇದರಲ್ಲಿ ನಮ್ಮ ನಾಡಿನ ಕಲ್ಲು ವೃಕ್ಷವಾಗಿದ್ದರು. ಇನ್ನು ಕೆಲವು ಕಾಲ ಜೀವಿಸಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರಿಗೆ ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ ಮಾಡಬೇಕಿತ್ತು. ಶಿವನ ಇಚ್ಛೆಗೆ ಯಾರು ಬೆಲ್ಲ. ಅವರ ಅಗಲಿಕೆಯಿಂದ ದುಃಖದಲ್ಲಿ ನಾವು ಭಾಗಿದಾರರಾಗಿದ್ದು ಅವರ ದುಃಖವನ್ನು ಸಹಿಸಿಕೊಳ್ಳುವ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಮತ್ತು ಅವರ ಆದರ್ಶ ಕಾರ್ಯಗಳನ್ನು ಸಿದ್ಧಿ ಮಾರ್ಗದಲ್ಲಿ ನಡೆಸುಕೊಳ್ಳಲು ನಾವು ಶ್ರಮ ವನ್ನು ಕರುಣಿಸಲಿಂದು. ಅಲ್ಲದೆ ಅವರ ಆತ್ಮಕ್ಕೆ ಚಿರಶಾಂತಿಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡಲಿಂದು. ಆಜನದೀಶನನ್ನು ಪ್ರಾರ್ಥಿಸಿ ನಿಮ್ಮಿಂದ ಸಿಹಿಯಿಂದ ಮೌನ ಕಾಲಿ. ಶ್ರದ್ಧಾಂಜಲಿಯನ್ನು ಅರ್ಪಿಸಲಾಯಿತು.

ಕಾರ್ಯಾಧ್ಯಕ್ಷರು

DR DANGI

ಶಿವಾನುಭವ ಸಂಘ ಘಟಪ್ರಭಾ.

66

☎ ६४३५० / ६०५९८

# काँग्रेस सेवादल, कानपुर - शहर

देवी प्रसाद चतुर्वेदी
संगठक

तिलक हाल, कानपुर

पत्रांक १८०/५क

दिनांक 31-8-75 १९७

## डा0 हार्डिकर के निधन पर शोक सम्वेदना

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एवम् प्राण डा0 एन0एस0 हार्डिकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी पूज्य बापू जी के दृढ़ अनुयायी एवं सेवादल के पथ प्रदर्शक थे ।

डा0 साहब के निधन से सेवादल व सेवादल कार्यकर्ताओं की महान क्षति हुई है । जिसकी पूर्ति होना असम्भव है ।

डा0 साहब ने सेवादल का जनम देकर कांग्रेस व भारत राष्ट्र के लिए अनेकों अनुशासित व प्रशिक्षित देदीप्यमान कार्यकर्ता दिये । हम नत मस्तक होकर उनके प्रति अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए शपथ लेता हूं कि उनके बताये पदचिन्हों का अनुशरण कर सेवादल को सुदृढ़ व सबल बनाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहूंगा ।

भवदीय

( देवी प्रसाद चतुर्वेदी )
शहर मुख्याधिकारी

सेवा में,
श्री मंत्री जी
कर्नाटक हेल्थ इन्स्टीटयूट,
धट प्रभा (कर्नाटक)

प्रतिलिपि :
श्री अ0भा0संगठक जी कांग्रेस सेवादल नई दिल्ली
श्री प्रदेश प्रमुख जी, उ0प्र0 लखनऊ ।

आज दिनांक ३१-८-७५ ई० को सायं ५ बजे जिला कांग्रेस सेवादल मुरादाबाद के कार्यकर्ताओं की एक सभा श्री रवीन्द्र नारायन गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें कांग्रेस सेवादल के सभी साथियों ने डाक्टर नारायन सुब्बाराव हाडीकर के निधन पर महान शोक व्यक्त किया गया तथा उनकी आत्मा की शान्ति के हेतु दो मिनट मौन - रखा गया तदुपरान्त उनके जीवन, महान कार्यों पर चर्चा हुई और समस्त कार्यकर्ताओं ने उनके छूटे कार्यक्रम को पूर्व दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रण लिया ।

सर्व सम्मति से डाक्टर साहब श्रद्धान्जली समर्पित करते हुये भगवान से उनकी आत्मा की शान्ति के लिये एवं उनके शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे प्रार्थना की गयी ।

रवीन्द्र नारायन गौतम
जिला संगठन कांग्रेस सेवा दल
मुरादाबाद ।

प्रतिलिपि सेवा में प्रेषित -

१- श्री मन्त्री जी, कर्नाटक हेल्थ इन्स्टीट्यूट, घटप्रभा, बेलगाम कर्नाटक ।

२- अखिल भारतीय संगठक कांग्रेस सेवादल ५ राजेन्द्र प्रसाद मार्ग नई दिल्ली ।

३- प्रदेश प्रमुख उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल, १९ केसर बाग लखनऊ ।

४- जिला सूचना अधिकारी मुरादाबाद ।
( प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने के हेतु ) ।

168 25

फोन नं. १२

# देहात जिला कांग्रेस सेवादल

कोटा-६ (राजस्थान)

एम० एच० सिद्दीकी
जिला संगठक
क्रमांक 1105

हरिवल्लभ बांगड़
जिला शिक्षक
दिनांक 31 अगस्त 7?

शोक-प्रस्ताव
**********

हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक श्री डा०हार्डीकर के आकस्मिक निधन पर देहात जिला-कांग्रेस सेवा-दल गहरा शोक प्रकट करती है ।

श्री मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी जिला-संगठक व श्री हरिवल्लभ बांगड़ जिला-शिक्षक, मृतक आत्मा को अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुये, उनके शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे, ऐसी प्रार्थना करते हैं ।

भवदीय,
हरिराम
(हरिवल्लभ बांगड़)

सेवामें,

1- कर्नाटक स्वास्थ्य संस्थान, घाटप्रभा (कर्नाटक-राज्य)
2- श्री ऊषा प्रसाद जी तिवारी, संगठक, अखिल भारतीय कांग्रेस-सेवादल, 5, डा०राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई-दिल्ली
3- श्री अनूप कुमार सूद, संगठक प्रदेश कांग्रेस-सेवादल, जयपुर (रा०)

ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳ

ನೆತ್ರಕೆರೆ.

ಅಬಂಧ್ವಾಕ್ಷ. 69

ನೆತ್ರಕೆರೆ. ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳದ ಕಾಯಂ ಕೆಕ್ಕರ ಸಭೆಯು ತಾ. ೩೧-೧೨-೧೯೪೯ ಸೋಮವಾರ ಸಂಜೆ ಗಂಟೆ ೧೪ ನಡೆದು ಸೇವಾದಳದ ಸ್ಥಾಪಕರಾದ ನ. ಸುರ್ಡಿಕರೆಯವರು ಪ್ರಾರ್ಥನೆರಾದ ಬಳಿಕ ಅಗಲಿದ ಸಂತಾಪ ವನ್ನು ವ್ಯಕ್ತಪಡಿಸಿ ಎರಡು ನಿಮಿಷ ಮೌನ ಪ್ರಾರ್ಥನೆಯನ್ನು ಸಲಿಸಲಾಯಿತು. ಅನಂತರ ಈ ಕೆಳಗಿನ ನಿರ್ಣಯವನ್ನು ಅಂಗೀಕರಿಸಲಾಯಿತು.

ಡಾ. ನ. ಸು. ಕರ್ಡಿಕರೆಯವರ ನಿಧನದಿಂದ ಇಡೀ ಭಾರತದ ಜನತೆಗೆ ತುಂಬಾಗದ ನಷ್ಟವಾಗಿದೆ. ಅವರು ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳ್ಳಕ್ಕೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಕಾಯಂ ಕೆಕ್ಕರಿಗೆ ತನ್ನ ಜನ್ಮದಾತರನ್ನು ತನ್ನ ಕೊಂಡ ಹೊಕ್ಕಡಿಂದ ತಂದೆ ಆಗಿದ್ದರು. ಇನ್ನಿನ ನಾಯಕರಾಗಿದ್ದ ಸಂಸ್ಥೆಯ ಜನಕರಾಗಿ ನೆತ್ರಕೆರೆ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳವು ಮತ್ತು ಅದರ ಕಾಯಂ ಕೆಕ್ಕರು ತಮ್ಮ ಅಂತಿಮ ಪ್ರಣಾಮ ನನ್ನು ಸಲ್ಲಿಸುತ್ತಿದ್ದಾರೆ. ಜನ್ಮದಾತರ ಶಿಸ್ತು ಮತ್ತು ಆದರ್ಶ ವನ್ನು ಸದಾ ಮುಂದುವರಿಸುವರ ಮುಖಕ ಅವರ ಶಾಂತಿಯನ್ನು ಕೋರುತ್ತೇವೆ.

N. Nonaya.

ನೆತ್ರಕೆರೆ. ಕಾಕಮಾ ಜತ ನಾಯಕ

70

ಫೋನ್ ನಂ. ೪೭೯೦

# ಜೈನ ಬೋರ್ಡಿಂಗ

ಸ್ಟೇಶನ್ ರೋಡ, ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿ-೫೮೦೦೨೦.

JAIN BOARDING STATION ROAD HUBLI-20

ನಂ

ದಿನಾಂಕ 30/8/1975

ಮಾನ್ಯ ಶ್ರೀಯುತರಿಗೆ

ಅನಂತ ಶುಭಾಶೀರ್ವಾದ ಮತ್ತು ಜೈನ ಬೋರ್ಡಿಂಗ್ ಸ್ಟೇಶನ್ ರೋಡ ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿ ಇಲ್ಲಿ ಸಂಜೆ ೮ ಕ್ಕೆ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ

ಪ್ರಾರ್ಥನೆ

ಜೈನ ಬೋರ್ಡಿಂಗಿನ ಕಾರ್ಯಕರ್ತರು ಮತ್ತು ಬೋರ್ಡಿಂಗಿನ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಮತ್ತು ಪಿಟ್ಟಿಯೋಜಕರಾದ ನಾವು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸೇನಾನಿ ಲೋಕಮಾನ್ಯ ಬಾಲಗಂಗಾಧರ ತಿಲಕರವರು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಕೀರ್ತಿಯನ್ನು ಮತ್ತು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸ್ಫೂರ್ತಿಯನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಿದರು ಎಂದು ಕೀರ್ತಿಸುತ್ತಾ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಾಗಿ ಇಂದಿಗೂ ಯುವಕರಿಗೆ ಮಾರ್ಗದರ್ಶಕರಾಗಿ ಇರುವ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಗಣೇಶೋತ್ಸವದ ಪ್ರಾರಂಭವನ್ನು ಸೂಚಿಸಿದರು.

"ಸ್ವರಾಜ್ಯ ನನ್ನ ಜನ್ಮಸಿದ್ಧ ಹಕ್ಕು ಅದನ್ನು ಪಡೆದೇ ತೀರುವೆನು" ಎಂದು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸ್ಫೂರ್ತಿ ಮೂಡಿಸಿದ ಲೋಕಮಾನ್ಯ ತಿಲಕರ ಪ್ರತಿಮೆಗೆ ಪುಷ್ಪಾರ್ಪಣೆ ಮಾಡಿದರು.

ನಂತರ ಮಾನ್ಯರು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಮಸ್ಯೆಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಮಾತನಾಡಿ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸ್ಫೂರ್ತಿ ಮತ್ತು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸೇನಾನಿಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಮಾತನಾಡಿ ಈ ಉತ್ಸವ ಮುಂದುವರೆಯಲಿ ಎಂದು ಹಾರೈಸಿದರು. ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ ಸಭೆಯ ಅಧ್ಯಕ್ಷರಾದ ಶ್ರೀ ಶಾಂತಿನಾಥ ಇಂಗಳೆಯವರು ಮಾತನಾಡಿ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಗಣೇಶೋತ್ಸವ ಪ್ರಾರಂಭವಾಗಿ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದ ಸ್ಫೂರ್ತಿಯಾಗಿ ಇಂದಿಗೂ ಯುವಕರಿಗೆ ಮಾರ್ಗದರ್ಶಕರಾಗಿ ಇರುವ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಗಣೇಶೋತ್ಸವ ಪ್ರಾರಂಭ ಮಾಡಿದ ಲೋಕಮಾನ್ಯ ತಿಲಕರ ಪ್ರತಿಮೆಗೆ ಪುಷ್ಪಾರ್ಪಣೆ ಮಾಡಿದರು.

ಸಂಜೆ ೮ ಕ್ಕೆ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ ಮುಗಿದ ನಂತರ ಸಾಮೂಹಿಕ ಭೋಜನ ಮುಗಿಸಿ ಸಭೆಯ ಅಧ್ಯಕ್ಷರಾದ ಶ್ರೀ ಶಾಂತಿನಾಥ ಇಂಗಳೆಯವರು ಸಭೆಯ ಕಾರ್ಯ ಮುಗಿಸಿ ಮನೆಗೆ ಹೋಗಲು ಅನುಕೂಲವಾಗಲೆಂದು ಈ ಮಾರ್ಗದರ್ಶಿ ಪತ್ರವನ್ನು ಬರೆದಿದ್ದೇವೆ.

ಇಂತಿ ನಿಮ್ಮ ವಿಶ್ವಾಸಿಗಳು

For Jain Boarding, Hub

Sd/- [illegible]

ಸ್ವೀಕೃತ

To
Dr. M. R. Vaidya
Karmalak Arogya Dham
GHAIN PRABHA
Belgaum

REF. NO.

DATED

71

# ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೋಷಾದಲ
# ಹ್ಯೂಗೆ ಬಜಾರ್ ಶಾಖೆ.

ತಾರೀಖು 26.8.1975ನೇ ಮಂಗಳವಾರ ದಿನ ಇರುಳುಳಿತ್ಯಾಟ್ಟ ಮಾಡಿ ಮರಂಧಾಮದ ನ್ನೆಡದ ದೇಶದ ಉರಿಂದು ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯಂಗೋಧ, ಶಿಸ್ತನ್ ಸೇವಾಮತಿ, ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೋಷಾದಲದ ಪ್ರವರ್ತಕರಾದ ಈಶ್ವರ ವಾರಾಂಯುಗಾ ಸುಬ್ಬರಾವ್ ಉರಿಶೀಶರ ಅವರಿಗೆ ತಮ್ಮ ಬಿರುದ ಗೌರವ ಹಾಗೂ ಅಂತಿಮ ಮೃಗಾಮ ಮಚನ್ನು ಸಮರ್ಪಿಸುವುದಕ್ಕಾಗಿ ದಿನಾಂಕ 7.9.75 ರಂದು ಬೆಳಿಗ್ಗೆ ಗಂಟೆ 9ಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೋಷಾದಲದ ಜಿಲ್ಲಾಕಾರ್ಯದರ್ಶಿ ಶ್ರೀ. ರಾ. ಮು. ಯಮ. ಕೃಷ್ಣಾನರ ಉರಿತನದಲ್ಲಿ ಸೇರಿದ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೋಷಾದಲದ ಹ್ಯೂಗೆ ಬಜಾರ್ ಶಾಖೆಯಿಂದ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಕಚೇರಿ ಸಭೆಯಲ್ಲಿ ತಮ್ಮ ಅಗಲಿದ ವಾಂಯಕನ ಆತ್ಮ ಶಾಂತಿಗಾಗಿ ಎರಡು ನಿಮಿಷ ಮೌನ ಪ್ರಾರ್ಥನೆಯನ್ನು ಸಲ್ಲಿಸಲಾಯಿತಲ್ಲದೆ ಈ ಕೆಳಗಿನ ನಿರ್ಣಯ ಮಾಡಲಾಯಿತು ಎಂಬುದನ್ನು ಅಂದಿಸಲಾಯಿತು.

## ನಿರ್ಣಯಂ.

ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ ಸಂಗ್ರಾಮದಲ್ಲಿ ಯುವಕನ್ನೇ ಯುವಜನರು ಶಿಸ್ತಿನ ಸ್ವಯಂಸೇವಕರ ಸಂಘಟನೆಯಲ್ಲಿ ಅತ್ಯಗತ್ಯವೆಂಬುದನ್ನು ಮನಗಂಡು, ನುಡಿದಂತೆ ನಡೆದು, ಕೃತಿಯಲ್ಲಿ ತೋರಿ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೋಷಾದಲದಲ್ಲಿ ಶಿಸ್ತು ಬದ್ಧ ಸಂಘಟನೆಯನ್ನು ಸ್ಥಾಪನೆಗೆ ಕಾರಣರಾದ ಈಶ್ವರ ವಾರಾಂಯುಗಾ ಸುಬ್ಬರಾವ್ ಉರಿಶೀಶರವರು ಉರಿಂದು ಸೋಷಾದಲದ ಮತ್ತು ಮತ್ರ ಮಾಡಿರದೆ ಇಡೀಯಂ ಭಾರತ ದೇಶದ ಅತ್ಯಮೂಲ್ಯ ಸೊತ್ತಾಗಿದ್ದರು. ಮತ್ತು ಶುದ್ಧ ಭಾರತೀಯರು ಪ್ರಜೆಯರು ಶಿಸ್ತು ಬದ್ಧರಾಗಿ ಸ್ವಂಯಂ ಶಿಸ್ತನ್ನು ಪರಿಮಶ್ಯವಾಗಿ ಪಾಲಿಸಿ, ಇತರರಿಗೂ ಕಲಿಸಿ, ಪ್ರತಿ ಹೃದಯದಲ್ಲಿಯೂ ಶಿಸ್ತನ್ನು ಪ್ರಭಾವಿಸಿ ಜೀವಿಸಿಯಂ ಮಾಗಿ, ನಮ್ಮೆಲ್ಲರಿಗೂ ಮಾದರಿಯಾಗಿ, ಇರುಳುಳಿತದ ತನ್ನ ಕರ್ತವ್ಯವನ್ನು ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ಪಾಲಿಸಿ, ನಮ್ಮೆಲ್ಲರಿಗೂ ಮಾರ್ಗದರ್ಶಕರಾಗಿ, ಕರ್ತವ್ಯ ಪ್ರಜ್ಞೆಯಿಂದ ದೇಶದ ಮಾಜಿ, ಅದನ್ನು ಕೃತಿಯಲ್ಲಿ ಇಳಿಸಿ ಅನುಕರಣೀಯರಾಗಿ ಬಾಳಿತಕ್ಕೆ ಪಜ್ಜನಿಕೆಯಂತೆ ಬಾಳಿ ಕೃತಾರ್ಥರ, ಸಾರ್ಥಕ ಜೀವನವೆಂಬ ಬೆಳಗಿ ಜ್ವಲಂತ ಸಾಕ್ಷಿಯಂತಿಗಿ ಘನತೆಯುಳ್ಳ ಕರ್ಮಯೋಗಿ ಆದರ್ಶಪ್ರಾಯ ಮಚನ್ನು ತನ್ನ ಬಾಳಿನ ಸಾಕ್ಷ್ಯಚಿತ್ರವನ್ನಾಗಿ ಜನತೆಗೆ ಅದರಿಸಿ ಕೊಟ್ಟು ಭಾರತದ ಭದ್ರಂಯ ಕೆಳಗೆ ಪ್ರಾಂಯಂಗಾಗಿದ್ದರು.

P.T.O.

ಇತ್ತೀಚೆಗೆ ನಾ.ಸು. ಕುರ್ತಿಕೇಶರರು ದಿನಾಂಕ 26.8.1975 ರಂದು ಮರಣಿಸಿದ ಸುದ್ದಿಯನ್ನು ಅದರೊಂದಿಗೆ ಸುದ್ದಿಯನ್ನು ಕೇಳಿ ಪ್ರಾಂತೀಯರನ್ನು ದಂಗು ಬಡಿಸುವಂತಿದ್ದು ದೇಶಕ್ಕೆ ತುಂಬಲಾರದ ನಷ್ಟದ, ಶೋಕದ ಸುದ್ದಿಯಾಗಿದೆ. ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಲ ಮಂತೆ ತನ್ನ ಜನ್ಮದಾತನನ್ನು ಕಳೆದುಕೊಂಡು ಬಡವಾಗಿದೆ. ಈ ಎಲ್ಲ ನಷ್ಟಗಳನ್ನು ತುಂಬುವ ಮತ್ತು ದುಃಖಗಳನ್ನು ಸಹಿಸುವ ಶಕ್ತಿಯು, ಅವರ ಆದರ್ಶಗಳನ್ನು ಸ್ಮರಿಸಿ, ಪಾಲಿಸಿ ಕೃತಾರ್ಥರಾಗುವುದರ ಮೂಲಕ ನಮಗೆಲ್ಲರಿಗೂ ಲಭಿಸಲೆಂದು ಬಯಸುವ, ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಲದ ಹಿಂದಿನ ಬಜಾರ್ ಶಾಖೆಯ ಶಾಂತಿಕಾಂಕ್ಷಿಗಳು, ಗತಿಸಿದ ತಮ್ಮ ಸ್ನೇಹಿತರ ತಮ್ಮ ಚೇತನ ಮೌಲ್ಯಾನ್ವಿತ ಅಂತಿಮ ಪ್ರಯಾಣದಲ್ಲಿ ಸಲ್ಲಿಸುತ್ತಾ ಆ ಮಹಾತ್ಮನ ಆತ್ಮಶಾಂತಿ ಕೋರುವುದಾಗಿಯೂ ಪ್ರಾರ್ಥಿಸುತ್ತೇವೆ.

ಜತೆ ಮಾರುಕ.
ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಲ,
ಹಿಂದಿನ ಬಜಾರ್ ಶಾಖೆ,
ಮಂಗಳೂರು 1., ದ.ಕ. ಜಿಲ್ಲೆ.

To
Dr. K. M. Vaidya,
Karnataka Health Institute,
Ghata Prabha. (P.O.)
Belgaum District.

Copy to:

1. The District Organiser, Congress Seva Dal, South Kanara District, Mangalore. 1.
2. The Pradesh Organiser, Congress Seva Dal, KPCC Office No. 6. Edward Road., Bangalore 52.
3. The Akhila Bharatiya Organiser, Cong. Seva Dal, No. 5 Dr. Rajendra Prasad Road., New Delhi. 11.

# शहर (जिला) कांग्रेस सेवादल

कांग्रेस भवन
रायपुर (म० प्र०)

73

क्रमांक 2-C

दिनांक 8-9-1975

प्रियबन्धु,

दिनांक २८-८-१९७५ को श्रीमान अमरचन्द जी बैद अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल बोर्ड की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस सेवादल के स्वयं सेवक तथा सेविकाएं उपस्थित थी। श्री डा० ना० सु० हार्डिकर के आकस्मिक निधन पर एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया वह आपकी जानकारी हेतु भेजी जा रही है ।

भवदीय,

( मैयालाल बारले )
शहर (जिला) कांग्रेस सेवा दल
मंत्री
रायपुर (म. प्र.)

कर्नाटकआरोग्यधाम,
घटप्रभा ( मैसूर )

प्रतिलिपि :-

(१) श्रीमान उमा प्रसाद जी तिवारी,
संगठक, अ० भा० कांग्रेस सेवादल
नई दिल्ली ।

(२) श्रीमान वृन्दावनसिंह जी तोमर,
दलपति, म० प्र० कांग्रेस सेवादल
भोपाल (म० प्र०)

को सूचनार्थ अग्रेषित ।

( मैयालाल बारले )
शहर (जिला) कांग्रेस सेवा दल
रायपुर (म. प्र.)

72

ಶ್ರೀಕ್ಷೇತ್ರ ನಾ. ಸು. ಕುಲಕರ್ಣಿಯವರು ದಿನಾಂಕ 26.8.1975 ರಂದು ಮರಣಿಸಿದ ಸುದ್ದಿಯನ್ನು ಅದರಿಂದ ಸುದ್ದಿಯನ್ನು ನಿಮ್ಮ ಪ್ರಾಂತ್ಯದವರನ್ನು ದಂಗು ಬಡಿಸಿರುವುದೆಂದು ಭಾವಿಸುವೆ. ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳ ಮತ್ತು ತನ್ನ ಜನ್ಮದಾತನನ್ನು ಕಳೆದುಕೊಂಡು ಬಹಳಾಯಿತು. ಈ ಎಲ್ಲ ನಷ್ಟಗಳನ್ನು ತಾಳುವ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಮತ್ತು ದುಃಖವನ್ನು ಪಡಿಸುವ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು, ಅವರ ಆದರ್ಶಗಳನ್ನು ನೆಲೆಸಿ, ಕಾಲದ ಕೈಗೆಟಕದಂತೆ ಮುಂದೆ ನಮ್ಮ ಗೆಲ್ಲಲಿಕ್ಕೆ ಲಭಿಸಲೆಂದು ಬಯಸುವ, ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳದ ಜಿಲ್ಲಾ ಬಜಾರ ಶಾಖೆಯ ಕಾರ್ಯಕರ್ತರು, ಗತಿಸಿದ ಆತ್ಮನಾಂತಿಶಾಂತಿ ಆತ್ಮ ಚೇತನ ಸೌಖ್ಯವಾಗಿ ಅಂತಿಮ ಪ್ರಣಾಮಗಳನ್ನು ಸಲ್ಲಿಸುತ್ತಾ ಆ ಮಹಾತ್ಮನ ಆತ್ಮ ಶಾಂತಿಯಾಗಿರಲೆಂದು ಪ್ರಾರ್ಥಿಸುತ್ತೇವೆ.

ಜತೆ ಮಾನ್ಯರು.
ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸೇವಾದಳ,
ಜಿಲ್ಲಾ ಬಜಾರ ಶಾಖೆ,
ಮಂಗಳೂರು 1., ದ.ಕ. ಜಿಲ್ಲೆ.

To
Dr. K. M. Vaidya,
Karnataka Health Institute,
Ghata Prabha. (P.O.)
Belgaum District.

Copy to:

1. The District Organiser, Congress Seva Dal, South Kanara District, Mangalore. 1.
2. The Pradesh Organiser, Congress Seva Dal, KPCC Office No. 6. Edward Road., Bangalore 52.
3. The Akhila Bharatha Organiser, Cong. Seva Dal, No. 5 Dr. Rajendra Prasad Road., New Delhi. 11.

# शहर (जिला) कांग्रेस सेवादल

कांग्रेस भवन
रायपुर (म० प्र०)

73

क्रमांक 92

दिनांक १-९-१९७५

प्रियबन्धु,

दिनांक २८-८-१९७५ को श्रीमान अमरचन्द जी बैद अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल बोर्ड की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस सेवादल के स्वयं सेवक तथा सेविकाएं उपस्थित थी। श्री डा० ना० सु० हार्डिकर के आकस्मिक निधन पर एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया वह आपकी जानकारी हेतु भेजी जा रही है।

भवदीय,

( मैयालाल आरले )
शहर (जिला) कांग्रेस सेवा दल
मंत्री
रायपुर (म. प्र.)

कर्नाटकआरोग्यधाम,
घटप्रभा ( मैसूर )

प्रतिलिपि :-

(१) श्रीमान उमा प्रसाद जी तिवारी,
संगठक, अ० भा० कांग्रेस सेवादल
नई दिल्ली।

(२) श्रीमान वृन्दावनसिंह जी तोमर,
दलपति, म० प्र० कांग्रेस सेवादल
भोपाल (म० प्र०)

को सूचनार्थ अग्रेषित।

( मैयालाल आरले )
शहर (जिला) कांग्रेस सेवा दल
रायपुर (म. प्र.)

# शहर (जिला) कांग्रेस सेवादल

कांग्रेस भवन
रायपुर (म० प्र०)

क्रमांक

दिनांक २८-८-१९७५

## शोक प्रस्ताव

कल दिनांक २६-८-७५ को घटप्रभा ( मैसूर ) में सेवादल के संस्थापक श्री डा० ना० सु० हार्डिकर की आकस्मिक निधन के समाचार सुनते ही रायपुर कांग्रेस सेवादल के स्वयं सेवक, स्वयं सेविकाएं एंव अधिकारी गण स्तब्ध रह गये तथा अपनी तात्कालिक बैठक में निम्न लिखित प्रस्ताव पारित किया गया ।

डा० ना० सु० हार्डिकर ने सन् १९२३ में नागपुर जेल में हिन्दुस्थानी सेवादल को जन्म दिया । सन् १९४७ में स्वतंत्रता दिवस के समय कांग्रेस सेवादल का नाम करण किया गया । आप स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम पंक्ति में गिने जाने वाले सेनानी थे । आप सन् १९४७ से सन् १९६१ तक संसद सदस्य बने रहे । आप प्रारंभ से ही सेवा की भावना रखकर अन्तिम दम तक कांग्रेस सेवादल के संस्थापक के पद पर बने रहे और संस्था एंव जनता की सेवा करते रहे ।

आपकी क्षति की पुर्ति होना असंभव है । रायपुर की स्वयं सेवकों की यह बैठक उनके निधन पर हार्दिक शोक प्रगट करती है तथा ईश्वर से प्रार्थना करती है कि उनके दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एंव शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे ।

75

फोन ६३६११ - तार -कांग्रेस

# कांग्रेस सेवा दल

के.४६/६१ हंसतीर्थ वाराणसी-१

सेवा में,

दिनांक - १ - ९ - ७५ ई.

श्री मंत्रीजी,

कर्नाटक हैल्थ इन्स्टीच्यूट,

घट-प्रभा (कर्नाटक) बेलग्राम, कर्नाटक ।

विषय:- शोक सन्देश

महोदय,

श्री शिव कुमार द्विवेदी, प्रदेश प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पत्र द्वारा ज्ञात हुआ कि सेवादल के संस्थापक श्री डा० एन०एस० हार्डीकर साहब का दुखद निधन २६-८-७५ को प्रात: हो गया । बड़ा मार्मिक कष्ट हुआ ।

सेवादल के लिए आपने जिन्दगी की खुशियाँ अर्पित की । भारत ने त्याग व तपस्या की मूर्ति खो दिया । इस कमी की पूर्ति सेवादल में होना असम्भव है । मुझे असहनीय कष्ट हो रहा है कि मैं इनके वाराणसी की कभी स्पर्श न कर सका ।

आज दिनांक १-९-७५ को वाराणसी के समस्त सेवादल के कार्यकर्ताओं की मिटींग सेवादल के कार्यालय में हुई । सभी लोगों ने १ मिनट मौन रखकर आत्मा की शान्ती के लिए भगवान से प्रार्थना की एवं इनके फोटो पर श्रद्धान्जली फूल विसर्जित किए । कार्यालय का झण्डा आधा झुका दिए गए ।

शम्भू सिंह यादव
कार्यकर्ता
कांग्रेस सेवा-दल, वाराणसी
( शम्भू सिंह यादव )

प्रतिलिपि प्रेषित:-

१- अखिल भारतीय संगठक कांग्रेस सेवा दल ।
नई दिल्ली -१ ।

२- प्रदेश प्रमुख, कांग्रेस सेवा दल, उत्तर प्रदेश ।

३- कर्नाटक हैल्थ इन्सटीच्यूट, घटप्रभा, कर्नाटक ।

( शम्भू सिंह यादव)

76

Phone : 752

# Chikmagalur District Congress Committee (R)

**RATNAGIRI ROAD : : CHIKMAGALUR.**


PRESIDENT:
K. N. VEERAPPA GOWDA, M.L.A.,

GENERAL SECRETARIES:
K. R. HIRIYANNA GOWDA
M. CHANNABASAPPA


Ref. No. 2243/75.

Date 1-9-1975.

ದಿವಂಗತ ಹಿರಿಯಣ್ಣಗೌಡರ ಕುಟುಂಬ ಪರಿವಾರದವರಿಗೆ ವಿನಂತಿ:-

ಶ್ರೀ ಹಿರಿಯಣ್ಣಗೌಡರ ಮರಣ ವಾರ್ತೆಯನ್ನು ಕೇಳಿ ತುಂಬಾ ದುಃಖತಪ್ತರಾಗಿದ್ದೇವೆ. ದಿವಂಗತರು ರಾಷ್ಟ್ರಕ್ಕೆ ಸಲ್ಲಿಸಿರುವ ಸೇವೆಯನ್ನು ಎಂದೂ ಮರೆಯಲಾಗದು. ತಾ. 31-8-75 ರಂದು ಜಿಲ್ಲಾ ಕಾಂಗ್ರೆಸ್ ಸಮಿತಿಯು ಸರ್ವಾನುಮತದಿಂದ ಮೃತರ ಆತ್ಮಕ್ಕೆ ಶಾಂತಿಯನ್ನು ಕೋರಿ 5 ನಿಮಿಷಗಳ ಕಾಲ ಮೌನವನ್ನು ಆಚರಿಸಲಾಯಿತು. ದಿವಂಗತರ ಕುಟುಂಬ ಪರಿವಾರದವರಿಗೆ ಮತ್ತು ಅವರ ಅನುಯಾಯಿಗಳಿಗೆ ಉಂಟಾಗಿರುವ ದುಃಖವನ್ನು ಧರಿಸಲು ದೇವರು ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಕೊಡಬೇಕೆಂದು ಪ್ರಾರ್ಥಿಸಿ ನಿರ್ಣಯ ಕೈಗೊಳ್ಳಲಾಯಿತು.

A. R. Hiriyanna
for GENERAL SECRETARY,
CHIKMAGALUR DIST. CONGRESS (R) COMMITTEE (R)

77 FREEDOM-FIGHTERS
Association, Gadag.

23

**R. V. Harihar,**
R, M, P,
Freedom-Fighter,

GADAG.
( Nalwadagalli )

Date 1-9-75.

To

శ్రీ ఎ. తా. శ్రీ వా: "ఆకాశవాణి" వారు, బెంగుళూరు

తా. 31-8-1975 నాడు జరుపుకొన్న స్వాతంత్ర్య దిన సంబరాలలో -

(1) ఉపన్యాసకులుగా నన్ను నిర్ణయించి పంపిన శ్రీ వి. ధ. కులకర్ణి గారికి

ధన్యవాదములు తెలిపి, ఉపన్యాసకులుగా నన్ను ఆహ్వానించి, ఆ సభకు

అధ్యక్షత వహించిన శ్రీ కాశీనాథ్ గారికి నా కృతజ్ఞతలు తెలిపి, నా

ఉపన్యాసమును ప్రసారము చేసినందుకు గాను శ్రీ ఎ. N. S.

గారికి నా కృతజ్ఞతలు తెలిపి, నా ఉపన్యాసమును ప్రసారము చేసిన

తరువాత నా ఉపన్యాసమును విని, నా కుటుంబ సభ్యులు, బంధువులు

మరియు - మిత్రులు, నా శ్రేయోభిలాషులు - నన్ను నేను - ఆకాశవాణి వారు

పంపిన శ్రీమతి వారు ఉత్తరము - మరియు శ్రీ [illegible] వారు నన్ను

అభినందించారు. ఇట్లు శ్రీ [illegible] వారు నన్ను [illegible]

నన్ను నేను [illegible] మీరు - [illegible] నా కృతజ్ఞతలు !!

కృతజ్ఞతాభివందనములు.

R. V. Harihar.
SECRETARY,
FREEDOM-FIGHTERS
Association, Gadag.

78

Rly card 14.9.75

विश्वनाथ चौधरी
काँग्रेस सेवादल
ता० नं. ६, धुळे - Dhulia
महाराष्ट्र
2/9/75

मा. श्री डॉ. वैद्य साहेब

सप्रेम वंदे वि. मे

~~[illegible]~~ कै. डॉ. हर्डीकर यांची अस्थी कलश घेऊन 30 तारखेस धुळ्यास पोहचले. दुसऱ्या दिवशी जि. काँग्रेस कमिटीने, अस्थी कलशाची मिरवणूक करीने धुळ्यापासून 950 किलोमिटर अंतरावरील गोमाभी व तापी नदीच्या संगमावर श्री क्षेत्र प्रकाशे (प्रती काशी) येथे जिल्हा काँग्रेसचे उपाध्यक्ष व माजी जि. अधिनायक श्री जे. डी. राऊत यांचे हस्ते धार्मिक विधीने 3/1/75 रोजी दुपारी 2-30 अस्थी चे विसर्जन केले. (नंतर त्या समारंभाचे फोटो पाठवून देईन.) नंतर शोकसभा झाली. बरे असो आपणास काळजी नसावी म्हणून सहज हे पत्र पाठवित आहे.

श्री कुरमुडे, श्री शेवडे, श्री विनोबा कंक्री, टी. सि. लिंगय्या, विमलताई कुलकर्णी, यशवंतराव यांना नमस्कार सांगणे

P.T.O.

डॉ० वैद्य मला रोज ~~डॉ०~~ आपली सर्वांची आठवण होत असते व मधून मधून कै० डॉ० हर्डीकर साहेब यांची मुर्ती तर डोळ्यासमोरच फिरत असते डॉ० साहेब जरी आपणामधून गेले तरी त्यांचे किती तरी कार्य अजून अपूरे आहे. ते कार्य करण्यासाठी आपणा सर्वांना ईश्वर उदंड आयुष्य राज्य देवो व आम्हांस पुन्हां पुन्हां ~~डॉ०~~ चरणप्रेम ५ मे, अथवा २६ ऑगस्ट या दिवशी डॉ० वैद्यांच्या कृपात व विमलाताईच्या कृपात कै० डॉ. हर्डीकर दिसोत तावडीच प्रभु चरणी प्रार्थना करावे

कृपया उत्तर द्यावे!
ही विनंती

आपला स्नेहांकित
विश्वनाथ चौधरी

आपणास आम्ही दोन दिवस त्रास दिला त्याबद्दल क्षमस्व?

# कांग्रेस सेवादल उज्जैन

कार्यालय - नईपेठ, उज्जैन.

क्रमांक

दिनांक.....

शहर कांग्रेस सेवादल तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की दिनांक २-९-७५ बैठक में पारित प्रस्ताव

## शोक प्रस्ताव

सेवादल का ध्येय ★ संगठन प्रशिक्षण और सेवा ★

देश के महान संगठक व हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक त्यागमयी, तपोनिष्ठ महान विचारक आदरणीय डा० ना०सू० हार्डीकर साहब दिनांक २६-८-७५ को भारत के समस्त राष्ट्रीय परिवार को छोड़कर सदा के लिये चल बसे।

डा० साहब के निधन से न केवल कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, बल्कि समूचे देश व्यापी मानव समाज की क्षति हुई है जिसकी पूर्ति असंभव है।

डाक्टर हार्डीकर साहब के राजनैतिक जीवन की शुरूआत देशभक्त माननीय स्व० लालाजगतराय के सानिध्य में हुई।

राष्ट्रपिता गांधीजी के महान अनुयायी, राष्ट्रनायक श्री जवाहरलालजी के घनिष्ठ मित्रों में से थे। सन् १९२३ के झण्डा सत्याग्रह से हिन्दुस्तानी सेवादल के सेनापति के रूप में सेवादल की शुरूआत हुई।

डाक्टर साहब कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासनप्रिय, समय के पाबन्द, मितव्ययी, कोमल हृदय, आज हमारे बीच नहीं रहे परन्तु उनका वह गंभीर रूप, मृदुवाणी व उनकी मानवसेवा हमारे समक्ष रहेगी जिसे हम अपने जीवन में उसे भुला नहीं पायेंगे।

हम सब कांग्रेस व कांग्रेस सेवादल परिवार के सदस्य परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी संतप्त आत्मा को शान्ति प्रदान करें व उनके द्वारा छोड़े गये, परिवार को इस महान दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

(सत्यनारायण पवार)
सगठन

कार्यालय : ४१२७

81

# शहर ( जिला ) कांग्रेस कमेटी, जबलपुर

पटेल द्वार, जबलपुर - २


अध्यक्ष :
द्वारकाप्रसाद पाठक
फोन : ४८००

*

उपाध्यक्ष :
श्यामसुन्दर बड़ेरिया
फोन : ४१०५

पन्नालाल श्रीवास्तव

धनराज नाहर
फोन : ५०३

*

कोषाध्यक्ष :
शिवचरणलाल चौदहा

*

मंत्री :
गजाधरप्रसाद अग्रवाल
फोन : ४०१८, ४११८

प्रभुलाल करेचा
फोन : २०४५

शिवनाथ साहू
फोन : ४४८७, ४५४९


क्रमांक.....

दिनांक... २ सितम्बर, ७५ .....

## शोक

प्रति,

श्री हार्डीकर जी परिवार,
द्वारा- कर्नाटक आरोग्यधाम,
घटप्रभा ( कर्नाटक प्रदेश )

महोदयजी,

जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस सेवादल के परिवार की बैठक दि० २ सितम्बर, ७५ में पारित शोक प्रस्ताव आपकी सेवा में भेजा जा रहा है।

### शोक प्रस्ताव

" हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक डाक्टर ना०सू० हार्डीकर का दिनांक २६-८-७५ को पुणे निधन हो गया यह हमारे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति मानी जायेगी। देश भक्त स्व० लाला लाजपतराय के सानिध्य में डा० हार्डीकर ने राजनैतिक जीवन की भूमिका अपने विद्यार्थीकाल करते हुए ही प्रारम्भ कर दी थी डा० साहब ने सन् १९२९ में झण्डा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवादल की स्थापना की थी और सेवादल के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने अटूट साहस और कुशल दल संचालन का परिचय दिया।

आप कठोर अनुशासन की मूर्ति के नाम से देशभर में परिचित थे। उनके त्यागमयी, संयमित, अनुशासित, अद्भुत सेवा, आदि विभिन्न गुणों से प्रभावित होकर भारत के राष्ट्रपति ने डा० साहब को पद्म-भूषण की उपाधि से विभूषित किया।

कांग्रेस सेवादल परिवार डा० हार्डीकर के निधन पर अपना गहरा शोक प्रकट करते हुए पुनीता की शांति एवं उनके परिवार को इस कठ दुख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो ऐसी कामना करता है।

उक्त प्रस्ताव २ मिनिट मौन खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पारित किया गया।

-0-

भवदीय,

गौरीशंकर रैकवार

गौरीशंकर रैकवार
जिला संगठक कांग्रेस सेवादल
जबलपुर (म.प्र.)

# कॉंग्रेस सेवा दल

१११ए/३६६ अशोक नगर वार्ड,

क्रमांक ..... कानपुर ..... १९७

श्री कान्त अखिल भारतीय अध्यक्ष जी
भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय
नई दिल्ली

विषय - श्री डा. एन. एस. हर्डीकर के दुःखद निधन
पर शोक सभा

ता. ३१/१/६५ को प्रातः १० बजे कानपुर कांग्रेस कमेटी
की ओर से सेवा दल की स्थानीय इकाई के कार्यालय में
कार्यालय में शोक सभा हुई। लगभग ३ मिनट मौन
रखकर श्री हर्डीकर की स्मृति में कुछ शब्द कहे गये
श्रद्धांजलि दी गई।

श्री रमाकान्त जी ने डा. हर्डीकर के जीवन
के बारे में कुछ शब्द कहे। कहा कि
कर्मठ कार्यकर्ता की क्षति हमें हुई है।

प्रतिलिपि
१- श्री सुरेन्द्र प्रताप जी कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस
कांग्रेस कमेटी

श्री मन्त्री जी
कर्नाटक हैदराबाद हाउस
नई दिल्ली (कर्नाटक)

भवदीय
कैलाश नारायण सिंह
कार्यकारी अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी
वार्ड ११ए अशोक नगर
कानपुर

83 69

# जिला कांग्रेस सेवा दल हमीरपुर

कार्यालय— मौदहा, पो० रागौल (हमीरपुर)

पत्रांक ...

दिनांक ...

सेवामें,

श्री मंत्री जी,

कर्नाटक हेल्थ इन्स्टीट्यूट

धारवाड़ (कर्नाटक)

महोदय,

सेवादल के संस्थापक डा० नं० सु० हार्डिकर के देहावसान पर दि० 2-7-65 को जिला कांग्रेस सेवादल की एक बैठक में 2 मिनट का मौन रखा गया तथा शोक प्रस्ताव पारित करके दूरसंचार किया गया।

"महान देश भक्त, त्यागी और सच्चे अर्थों में महात्मा गांधी के दृढ़ अनुयायी डा० न० सु० हार्डिकर का दि० 26 अगस्त 65, को प्रातः 2 बजे निधन हो जाने से कांग्रेस सेवादल का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ विच्छिन्न हो गया है। जिला कांग्रेस सेवादल, हमीरपुर, उनके निधन पर शोक प्रकट करता है एवं उनकी आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।"

भवदीय

मैडिलाल

संगठक

अमरनाथ

जिला मंत्री

83

# अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल

जिला गुना (म० प्र०)

क्रमांक ४५ दिनांक 26.8.75

## शोक श्रद्धांजलि

दिनांक ५।९।७५ को कांग्रेस सेवादल गुना के समस्त सदस्यों ने डा० हार्डीकर के निधन की सूचना प्राप्त होते ही जिला कांग्रेस कार्यालय गुना में बैठक आयोजित की जिसकी अध्यक्षता श्री कैलाश नारायण तिवारी संगठक जिला कांग्रेस सेवादल ने की

(१) शोक प्रस्ताव :- (१) उपस्थित कांग्रेस सेवादल सदस्यों के बीच में बोलते हुये श्री कैलाशनारायण तिवारी जिला कांग्रेस सेवादल संगठक ने कहा कि दिनांक २६।८।७५ को सेवादल के संस्थापक त्यागमूर्ति हमें छोड़कर सदा के लिये चल बसे। डा० हार्डीकर के निधन से नकि कांग्रेस सेवादल को बल्कि सारे देश को क्षति हुई है। जिसकी पूर्ति होना असंभव है।

डा० साहब के जीवन पर जितना प्रकाश डाला जाय उतना कम है आपका सारा जीवन देश और समाज के लिये ही समर्पित रहा है। अपने हिन्दुस्तान में सच्चे सेवकों की नव प्रबल पीढ़ी जिसमें संयम, चरित्र व अनुशासन हो ऐसे संगठक के रूप में १९२३ में झण्डा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवादल की स्थापना की। आजादी के संघर्ष काल में अनेकों सेवकों को तैयार कर मातृभूमि की मुक्ति के लिये समर्पित किये।

डा० साहब महात्मा गांधी के विश्वास पात्र व पं० जवाहरलाल नेहरू के घनिष्ठ मित्रों में से थे वर्षों तक आप कांग्रेस सेवादल के संचालक रहे। देश सेवा के लिये आप आजीवन ब्रह्मचारी रहे। आजादी के बाद आपको राष्ट्रपति ने पदम-

# अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल

जिला गुना (म० प्र०)

क्रमांक

दिनांक.....

(२)

विभूषित किया व राज्य सभा के सदस्य के रूप में सम्मानित किया ।

श्री तिवारी जी ने अन्त में कहा कि सेवादल अब सूना अवश्य हो गया है किन्तु हमें दृढ़ प्रतिज्ञा लेना है कि डा० साहब सदैव जीवित की तरह रहे । डटकर सभी को सेवादल का कार्य करना है । ताकि डा० हार्डीकर का वह नीला हाफ पैंट, हाफ शर्ट, हाथ में छड़ी कठोर अनुशासन की मूर्ति देश के प्रत्येक नागरिक और सेवादल के सदस्यों के हृदय में सदा के लिये श्रद्धा प्राप्त करते रहें ।

अब सब उपस्थित सदस्यगण डा० साहब के इस दुःखद निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें और उनके आश्रित परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें । उपस्थित सदस्यों ने दो मिनिट खड़े होकर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की ।

जिलासेवक
कांग्रेस सेवा दल गुना

माननीय मंत्रीजी

गोरखपुर
दिनांक 2-9-1965

जयहिन्द।

आप का मार्मिक पत्र प्राप्त कर इस अप्रत्याशित घटना से हृदय को धक्का लगा। स्वर्गीय डा० हार्डीकर साहब के निधन से इस देश को एक अपूर्णीय क्षति है। हमने आज दिनांक 2 सितम्बर सन् 1965 प्रातः काल 8 बजे एक आकस्मिक शोक सभा बुलाकर समस्त कांग्रेस सेवा दल के संगठकों एवं स्वयं सेवकों को स्वर्गीय हार्डीकर साहब के निधन से अवगत कराया तथा पाँच मिनट मौन रहकर स्वर्गीय श्री हार्डीकर साहब की आत्मा को श्रद्धासुमन से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि स्वर्गीय हार्डीकर साहब के आत्मा को शान्ति एवं परिवार के लोगों को महान सहन शक्ति देवें।

प्रतिलिपि:-
1- उ० प्रदेश मुख्य कार्यकारी
11- मंदन भाई 1 [illegible] बाग लखनऊ।
111- श्री मंत्री जी...
(बहुगुणा)
लखनऊ

भवदीय
गणेश चन्द्र यादव
जिला मुख्य कार्यकारी
कांग्रेस सेवा दल, गोरखपुर
जिला - गोरखपुर

# जिला कांग्रेस सेवादल

डॉ० रवीन्द्र मिश्रा
संगठक

बजरिया नाका, दमोह (म.प्र.)

क्रमांक.....

दिनांक 21.7.64

आज दि० ३१-८-७५ दिन रविवार को सेवादल में स्व० डॉ० ए०एन० सहिंगर सहाय के निधन पर एक शोक सभा संगठक डॉ० रवीन्द्र मिश्रा के नवीन स्थान पर आयोजित की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने उनके सम्मान में आत्मा की शांति हेतु २ मिनट को खड़े होकर मौन धारण किया, एवं निम्न लिखित शोक प्रस्ताव पारित किया।

डॉ० हरिहर सहाय के इस निधन पर यह सभा ईश्वर से प्रार्थना करती है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें। उनके निधन से हमारे सेवादल परिवार को जो क्षति पहुँची है वह कभी पूरी नहीं हो सकती। डॉ० सहाय एक देशभक्त व अद्भुत समाज सेवी थे उन्होंने समस्त जीवन देश सेवा में अर्पित किया। उनके जीवन से हमें संयम, चरित्र एवं अनुशासन की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके आदर्शों को हम कभी नहीं भूलेंगे।

ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शान्ति दें एवं उनके शोकाकुल परिवार को सहने की शक्ति दें।

प्रतिलिपि :- (१) श्री प्रधान संगठक अ० भा० कांग्रेस सेवादल नई दिल्ली
(२) श्री प्रधान प्रदेश प्रमुख (प्रांतीय कांग्रेस सेवादल) भोपाल
(३) श्री प्रधान कमेटी अखिल भारतीय हरिजन कमेटी प्रदेश
(४) श्री प्रधान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दमोह

रवीन्द्र मिश्रा

D. G. SARODE
Nagar Chembur Bombay-89

# ❋ कॉंग्रेस सेवा दल ❋

चेंबूर जिल्हा.

~~वॉर्ड नं. २५, सिंधी कॉलनी वार्ड नं. ९~~

तारीख २-९-०५

87

## चेंबूर जिला कांग्रेस कमेटी

## कांग्रेस सेवा दल कमिटी

हमे बहोत दुःख होता है की कांग्रेस सेवा दलके डॉ. हार्डिकर का देहांत हुआ उन्होने आज पुरा सालसे कांग्रेस सेवा दलका काम किया (सेवा दिई) और कांग्रेस सेवा दलके फाउंडर थे उन्होने आज हिंदुस्तान भरमे कांग्रेसमे शिस्त बद्ध काम कुली बनाया हम चेंबूर जिला के तरफसे उनको श्रद्धांजली अर्पण करते है

और उनका कांग्रेस सेवा दल का काम हम आगे चलाते रहेंगे।

आपका
श्रीराम सारोदे
चेंबूर जिला संघटक

D. G. SARODE
Nagar Chembur Bombay-89

दिनांक 7-5-95

**त्रिलोकी नाथ मिश्रा**

ग्राम-सिकरी, पो० रानीमऊ, जनपद
भारतीय कांग्रेस सेवा दल
बाराबंकी जिला

४४

आदरणीय प्रिय बन्धु,

सेवा में शोक प्रस्ताव प्रेषित है जो क्षति भारत रत्न श्री डॉक्टर साहब की मृत्यु से हुई है। वह क्षति कांग्रेस सेवा दल को पूरी नहीं हो सकती। समस्त भारत के डा० साहब मार्गदर्शक थे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। कि आपके हृदय को शान्ती प्राप्त हो।

त्रिलोकी नाथ
अध्यक्ष

89

त्रिलोकी नाथ सिंह
ग्राम-तिकर पो० ...
अधिनायक कांग्रेस सेवा दल
बाराबंकी जिला

शोक सभा

7-6-94

आज दि. 7 सितम्बर सन् 1994 ई. समय 2 बजे कांग्रेस सेवा दल की मीटिंग बुलाई गयी। मीटिंग नीसभा कक्ष मे स्थान कर शोक सन्देश पढ़ा कर सुनाया गया।

भारत रत्न श्री डाक्टर राजीव गांधी जी की मृत्यु सन्देश दिनांक 21-5-91 घटना बताया गया।

सभी कार्यकर्ता शोक आतुर होकर रोने लगे और बहुत दुःख हुआ अब आशीर्वाद चाहिये, 2 बजे सभा कक्ष मे 2 मिनट का मौन धारण किया गया कि मृतात्मा की शान्ती के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई उनकी आत्मा को शान्ती प्राप्त हो।

श्री उमा प्रसाद तिवारी जी अ०भा० संगठन

श्री प्रकाश कुमार द्विवेदी जी प्रदेश प्रमुख अधिकारी जी को ईश्वर शक्ति प्रतिदिन — श्री मक्खी जी बनोदा हेतु इन्घटी 2 घटप्रभा

2. श्री उमा प्रसाद तिवारी जी अ०भा० संगठन नई दिल्ली

3. श्री शिव कुमार द्विवेदी प्रदेश प्रमुख अधिकारी उ०प्र० लखनऊ

हस्ताक्षर — —

त्रिलोकी नाथ सिंह नि० अधिनायक कांग्रेस सेवा दल

दिनांक - 7-6-94

ग्राम (ओंकार नाथ सिंह)
बाराबंकी
(उ.प्र.)

89

त्रिलोकी नाथ सिंह
ग्राम-तिकरी पो० ...
अधिवक्ता कांग्रेस सेवा दल
बाराबंकी जिला

## शोकसभा

9-6-94

आज दो. 3 सितम्बर सन् 1994 ई. स्थान रेवड़े कांग्रेस सेवा दल की मीटिंग बुलाई गयी। मीटिंग नीम के वृक्ष में महान कवि शोकसंदेश पढ़ कर सुनाया गया।

भारत रत्न श्री डाक्टर हाथी राम जी की मृत्यु संदेश दिनांक 28-7-94 घटप्रभा कर्नाटक।

सभी कार्यकर्ता शोक आतुर होकर रोने लगे, और बहुतों ने कहा अब आशीर्वाद कौन देगा, इवड़े सभा कक्ष में 10 मिनट का मौन धारण किया गया कि स्वर्गीय आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई उनकी आत्मा को शान्ति प्राप्त हो।

श्री उमाप्रसाद तिवारी जी अ०भा० संगठक
और श्री शिव कुमार द्विवेदी जी प्रदेश प्रमुख अधिकारी जी को ईश्वर शक्ति प्रदान करे — श्री मल्ली जी कर्नाटक हैल्थ इन्डस्ट्री टूर घटप्रभा

2. श्री उमाप्रसाद तिवारी जी अ०भा० संगठक नई दिल्ली
3. श्री शिव कुमार द्विवेदी प्रदेश प्रमुख अधिकारी उ०प्र० बाराबंकी

हस्ताक्षर -

त्रिलोकी नाथ सिंह जि० अधिवक्ता कांग्रेस सेवा दल
(ओंकार नाथ सिंह)
बाराबंकी
(उ.प्र.)

दिनांक - 2-9-94

# जिला काँग्रेस कमेटी, दतिया
# (म०प्र०)



क्रमांक 2323/75 दिनांक 3-9-75

Subject: Condolence meeting of the DCC ,and the District Congress Seva Dal ,Datia and the condolence resolution adopted in the said meeting on the sad demise of Dr.HARDIKAR,the Founder of the Congress Seva Dal.

.....

Dear Friend,

A condolence meeting of the DCC workers,the Congress Municipal members and the workers and the Volunteers of the District Congress Seva Dal ,Datia was held in the DCC office premises,Datia at 5 P.M. under the presidentship of Shri G.C.Prakash,DCC,President on 2-9-75.

This condolence meeting was largely attended and the sad death of Dr. Hardikar was deeply mourned.

Befitting and glowing tributes were paid to the national services of the highest order rendered by late Dr. HARDIKAR,the Founder of the Congress Seva Dal.

A condolence resolution was passed.A copy of the said condolence resolution is enclosed herewith. Thanking you,

Yours Sincerely,

( Shyamsundar Shyam)
General Secretary

The karnatak Arogya Dham,
Ghatprabha,
Karnatak Pradesh

Copy forwarded to:-

1. Shri U.P.Tiwari,Chief of the A.I. Congress Seva Dal, AICC, New Delhi. and
2. Shri V.S.Tomar,Pradesh Pramukh,Congress Seva Dal,MPCC, Bhopal.

शोक प्रस्ताव

आज दिनांक २-९-७५ को सायंकाल ५ बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय दतिया में श्री गुलाबचन्द्र कावाल "प्रकाश" अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के सभापतित्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, कांग्रेसी पार्षदों तथा सेवा दल के पदाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों की अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डा० हार्डीकर के स्वर्गवास हो जाने के उपलक्ष में एक शोक सभा सम्पन्न हुई।

अनेक वक्ताओं ने स्वर्गीय डा० हार्डीकर के देश के लिये समर्पित जीवन और कांग्रेस के लिये की गई उनकी चिरस्मरणीय सेवाओं पर प्रकाश डाला।

निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया शोक प्रस्ताव :-

" देश के महान संगठक व हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक त्यागमूर्ति तपोपूत डा० स्व० हार्डीकर दिनांक २६-८-७५ को इस समस्त देशव्यापी परिवार को छोड़कर सदा के लिये चल बसे। डा० हार्डीकर के देहांत से न केवल कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल बल्कि समूचे देश वालों मानव समाज की हानि हुई है जिसकी पूर्ती असंभव है।

डा० हार्डीकर ने अपने सजनीष्टिक जीवन की शुरूआत अमेरिका में अध्ययन करते हुये माननीय देश भक्त स्व० लाला लाजपतराय के सन्निध्य में की। डा० साहब लाला जी के महान अनुयायियों मे से एक थे। आपने हिन्दुस्तान में देश सेवा के लिये सच्चे सेवकों की नवयुवक पीढ़ी जिसने संयम चरित्र अनुशासन हो ऐसे संगठन के रूप में १९२३ में झंडा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवादल की स्थापना की।

आजादी के संघर्ष काल में अनेकों देश सेवकों को तैयार कर मातृ-भूमि की मुक्ती के लिये समर्पित किये।

डा० हार्डीकर राष्ट्रपिता महात्मागांधी के निष्ठावान विश्वास-पात्र व पं जवाहरलाल नेहरू के घनिष्ठ मित्रों मे से थे। वर्षों तक आप कांग्रेस सेवादल के संचालक के रूप में कार्य करते रहे। आपने देश सेवा के लिये सदा के लिये आजीवन ब्रह्मचारी व्रत निभाया। देश में आजादी के उपरान्त आपकी अद्भुत सेवा त्याग साधना के लिये भारत के राष्ट्रपति ने पद्मभूषण से विभूषित किया। व राज्य सभा के सदस्य के रूप में सम्मानित किया।

आज यह समस्त कांग्रेस व सेवादल परिवार अपने आपको सूना समझता है किन्तु डा० हार्डीकर का वह नीला हाफपैण्ट व हाफ शर्ट हाथ में छड़ी कठोर अनुशासन की मूर्ती देश के प्रत्येक नागरिक हृदय से सदा के लिये श्रद्धा प्राप्त करते रहेगा।

हम सब परिवार के लोग इस दुखद निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि विगत आत्मा को शांति प्रदान करें व उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें।"

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। दो मिनट मौन धारण करके डा० राठौर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

3/9/75
(S. S. Shyam)
General Secretary
Distt. Congress Committee,
Datia (M.P.)
C. Rly

# जिला कांग्रेस कमेटी, प्रतापगढ़

## कांग्रेस सेवा दल

सरयू प्रसाद मिश्र
जिला अधिनायक

93

पता:-
नरसिंहगढ़ कुन्डा
कुन्डा, प्रतापगढ़
दिनांक - [illegible]-[illegible]-[illegible]५

**: शोक प्रस्ताव :-**

कांग्रेस सेवा दल के सदस्यों की एक शोक सभा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पं० राम नरेश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। यह सभा डा०हाडीकर के निधन पर शोक प्रकट करती है तथा ईश्वर से प्रार्थना करती है कि विछुड़ी आत्मा एवं शोक संतप्त परिवार को चिरशान्ति प्रदान करें।

( सरयू प्रसाद मिश्र )
जिला अधिनायक
कांग्रेस सेवा दल
प्रतापगढ़

प्रतिलिपि:- १- प्रदेश प्रमुख, उत्तर प्रदेश।
२- अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल, नई दिल्ली।
३- मंत्री, कर्नाटक हैल्थ इन्स्टीट्यूट, बटप्रभा, (कर्नाटक)।

( सरयू प्रसाद मिश्र )
दिनांक - [illegible]-[illegible]

[illegible]
जिला कांग्रेस कमेटी
प्रतापगढ़ [illegible]

95 76

# पश्चिम निमाड़ जिला काँग्रेस कमेटी

(काँग्रेस सेवादल)

जिला संगठक
मदनलाल शर्मा

झण्डा चौक,
खड़वानी

दिनांक 3 सितम्बर 1975

आज दिनांक 1 सितम्बर 1975 को प्रातः 9 बजे निमाड़ जिला कांग्रेस सेवा दल की मिटींग हुई। जिसमें सेवा दल के संस्थापक डॉ ना.सु हार्डिकर साहेब के दुःखद निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर निम्न प्रस्ताव पास किया।

हम समस्त निमाड़ जिला कांग्रेस सेवादल के साथी सेवा दल के संस्थापक डा ना.सु. हार्डिकर के दुःखद निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे व उनके आश्रित परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

मदनलाल
जिला संगठक
काँग्रेस सेवादल
प. नि. जिला काँग्रेस खड़वानी

95

# शोक प्रस्ताव

पूज्य तिवारी जी,

सादर प्रणाम

पूज्य डा० एन० एस० हार्डीकर, संस्थापक सेवा दल, के आकस्मिक निधन पर स्थानीय शाखा द्वारा हार्दिक शोक मनाया गया तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश प्रार्थनाये आयोजित की गयी। जिनकी क्रमिक जानकारी आपकी सेवा मे प्रेषित की जा रही :-

१- दिनांक २७। ८। ७५ को जिला कार्यालय व नाद कार्यालय की ओर से सभी स्तर के कार्यकर्ताओं को सभाये व श्रद्धांजलियां अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश प्रार्थना करने को लिखा गया तथा सामूहिक रूप से शोक सभा मे भाग लेने हेतु दिनांक ३। ९। ७५ को जिला कार्यालय मे बुलाया गया।

२- दिनांक ३ - ९ - ७५ को जिला कार्यालय मे दिनांक २७। ८। ७५ की पूर्व सूचना के अनुसार समय १२- ३० बजे दिन पर उपस्थित होकर श्री रामफल सिंह की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई तथा निम्न प्रस्ताव पारित किया है।

> डा० एन० एस० हार्डीकर, संस्थापक सेवादल, के आकस्मिक निधन पर यह सभा शोक व्यक्त करती है और ईश्वर से प्रार्थना करती है कि ईश्वर डाक्टर परिवार को इस आघात को सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करे।

३- प्रस्ताव के अनुसार सभी लोग खड़े होकर ५ मिनट तक मौन होकर ईश्वर से प्रार्थना की ताकि डाक्टर साहब की आत्मा को शांति मिले।

४- प्रार्थना के बाद पुनः बैठ कर संगठन पर विचार विमर्श करते हुये पूज्य डाक्टर साहब के पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया और उनकी स्मृति मे उनके जन्म दिन पर जयन्ती मनाने का प्रस्ताव पास किया गया।

दिनांक ३। ९। ७५

हस्ताक्षर उपस्थित सदस्यगण

ह० राम फल सिंह
रामफलसिंह
२।१०।७५
जिला संगठक
कांग्रेस सेवा दल बांदा
(उ०प्र०)

प्रतिलिपि प्रेषित:-

१- श्री देवकान्त जी बरूआ, अध्यक्ष, अ० भा० कां० कमेटी ५ डा० राजेन्द्रप्रसाद मार्ग नई दिल्ली।
२- मंत्री, कर्नाटक हेल्थ इंस्टीट्यूट घटप्रभा बेलगाम - कर्नाटक
३- श्री लक्ष्मी शंकर यादव, अध्यक्ष, उ० प्र० कां० कमेटी, १९ कैसरबाग लखनऊ
४- श्री शिव कुमार जी द्विवेदी, प्रदेश प्रमुख, उ० प्र० कांग्रेस सेवा दल व उ० प्र० कांग्रेस कमेटी १९ कैसर बाग लखनऊ।
५- श्री रामेश्वर प्रसाद जी,
अध्यक्ष जि० का० का० मैनचेस्टर शाला हरिजन रोड बांदा।

जय जवान ! वन्दे मातरम् जय किसान !!

# जिला कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़

कॉंग्रेस सेवा दल

पत्र संख्या - - - - दिनांक 3/8/1975

नरसिंह पाठक
जिला अधिनायक
कॉंग्रेस सेवा दल, आजमगढ़।

सेवा में,

(तेलग्राम)

महोदय,

आज दिनांक अगस्त 3, 1975 ई० को श्री नरसिंह पाठक जिला अधिनायक, कांग्रेस सेवा दल, आजमगढ़ के अध्यक्षता में एक शोक सभा 11 बजे दिन में सम्पन्न हुई। सभा में सेवा दल के संस्थापक डाक्टर एस० एस० हार्डीकर साहब के आकस्मिक दुःख द निधन पर दुःख प्रकट किया गया और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। डाक्टर साहब की सेवाओं की चर्चा करते हुये श्री पाठक ने कहा कि वे सेवा दल का एक संस्थापक, महान देश भक्त, त्यागी और सच्चे मानों में महात्मा गान्धी का सच्चा अनुयायी, देश की धरती से उठ गया। देश के सच्चे सपूत के निधन से मात्र कांग्रेस सेवा दल व कांग्रेस को ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश को एक गहरा धक्का लगा है। और देश के एक बहुत बड़ा रत्न खो दिया। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की सराहना करते हुये श्री पाठक ने उनकी देश व्यापी महान सेवाओं की चर्चा की। तथा उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिवार को मौखिक प्रतिलिपि इस आशय से प्रेषित की गई कि भगवान शोकाकुल परिवार को शोक सहन शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

भवदीय

नरसिंह पाठक

(नरसिंह पाठक)
जिला अधिनायक
कांग्रेस सेवा दल, आजमगढ़।

प्रतिलिपि

1 माननीय श्री ललित नारायण संजय जी

2 माननीय प्रदेश मुख्य आयुक्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी
[illegible]

## शोक प्रस्ताव

देश के महान संगठक व हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक त्यागमूर्ति तपोपूत डा० ना०सू० हार्डिकर कल दिनांक २६-८-७५ को इस समस्त देश व्यापी परिवार को छोड़कर सदा के लिये चल बसे। डाक्टर हार्डिकर के निधन से ना केवल कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल बल्कि समूचे देश व्यापी मानव समाज की क्षति हुई है जिसकी पूर्ति असम्भव है।

डाक्टर हार्डिकर ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुवाद अमेरिका में विद्याध्ययन करते हुये माननीय देश भक्त स्वर्गीय लाला लाजपतराय के सानिध्य में की। डाक्टर साहब लालाजी के महान अनुयायियों में से एक थे। आपने हिन्दुस्तान में देश सेवा में नवे सेवकों की नवयुवक पीढ़ी जिसमें संयम चरित्र व अनुशासन हो ऐसे संगठन के रूप में १९२३ में झंडा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवादल की स्थापना की।

आजादी के संघर्षकाल में अनेकों देश सेवक को तैयार कर मातृभूमि की मुक्ति के लिये समर्पित किये।

डाक्टर हार्डिकर राष्ट्रपिता महात्मागांधी के निष्ठावान विश्वास पात्र व पं० जवाहर लाल नेहरू के घनिष्ठ मित्र में से थे वर्षों तक आप कांग्रेस सेवादल के संचालक के रूप में कार्य करते रहे। आपने देश सेवा के लिये सदा के लिये आजीवन ब्रह्मचारी का व्रत निभाया देश आजादी के उपरान्त आपकी अद्भुत सेवा त्याग, सादगी के लिये भारत के राष्ट्रपति ने पद्म भूषण से विभूषित किया व राज्य सभा के सदस्य के रूप में सम्मानित किया। आज यह समस्त कांग्रेस व सेवादल परिवार अपने आपको सूना समझता है किन्तु डाक्टर हार्डिकर साहब का वह नीला हाफ पेन्ट व हाफ शर्ट, हाथ में छड़ी कठोर अनुशासन का मूर्ति देश के प्रत्येक नागरिक में हृदय से सदा के लिये श्रद्धा प्राप्त करते रहेंगे।

हम सब परिवार के लोग इस दुःखद निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें व उनके आश्रित परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें

---

श्री सम्पादक की सेवा में

सम्मान प्रकाशनार्थ

दिनांक 8-8-७५

समस्त जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से
जगन्नाथसिंह तोमर
महामन्त्री संगठक
जि० कांग्रेस सेवादल मुरैना
(म० प्र०)

जागीरा पारीक
संगठक
जि० कांग्रेस सेवादल
जिला मुरैना (म० प्र०)

• अनुशासित
• संगठित
• स्वैच्छिक
• सेवा

# जिला कांग्रेस सेवादल

बिलासपुर ( म० प्र० )

ग्राम: : फिशकिंग
☎ : ९६४
जिला संगठक
एस. शमशेरअली
अमिनिग्रा, राजेन्द्रनगर

क्रमांक _____

दिनांक _____

## शोक प्रस्ताव

देश के महान संगठक व हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक स्वामभक्त तपोपूत डा० नारायण हार्डिकर का दिनांक 26-8-75 को अस्वस्थ देश व्यापी परिवार को छोड़कर सदा के लिए चले गये। डाक्टर हार्डिकर के निधन से न केवल कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल बल्कि समूचे देश व्यापी मानव समाज की जो क्षति हुई जिसकी पूर्ति असंभव है।

डा० हार्डिकर ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत औरिया में विद्यार्थी रहते हुए माननीय देशभक्त स्व० लाला लाजपतराय के सान्निध्य में की। डाक्टर साहब लालाजी के महान अनुयायियों में से एक थे। आपने हिन्दुस्तान में देश सेवा के लक्ष्य सेवकों की एक कुशल पीढ़ि जिसमें संयम, चरित्र व अनुशासन हो ऐसे संगठन के रूप में 1923 में झण्डा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवा दल की स्थापना की।

आजादी के स्वर्ण काल में अनेकों देश सेवकों को तैयार कर मातृभूमि की मुक्ति के लिए समर्पित किये।

डा० हार्डिकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के निष्ठावान विश्वास पात्र व पं० जवाहर लाल नेहरू के घनिष्ठ मित्रों में से थे। वर्षों तक आप कांग्रेस सेवादल के संचालक के रूप में कार्य करते रहे। आपने देश सेवा के लिए सदा के लिए आजीवन ब्रह्मचारी रहे। देश ने आजादी के उपरान्त आपकी अद्भुत सेवा त्याग, साधना के लिए भारत के राष्ट्रपति ने पद्मभूषण से विभूषित किया। व राज्य सभा के सदस्य के रूप में सम्मानित किया।

आज यह समस्त कांग्रेस व सेवादल परिवार अपने आपको सूना समझता है हिन्दुस्तानी डा० हार्डिकर सदा का वह नेता आज चेन्ट व आज नहीं, साथ में इसी कठोर अनुशासन की मूर्ति देश के प्रत्येक नागरिक में सदा के लिए प्रेरणा प्राप्त करते रहेंगे।

हम सब परिवार के शोक सन्तप्त निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे व उनके शोकाकुल परिवार को इस सहन करने की शक्ति दे।

(एस. शमशेर अली)
जिला संगठक
कांग्रेस सेवा दल बिलासपुर

दिनांक- 4-9-75.

शोक सभा में जिले के अनेक विचारक
जिला कांग्रेस युवक कांग्रेस अध्यक्ष
सचिव सेवादल कार्यकर्ता एवम 500
से भी अधिक कांग्रेस जन उपस्थित थे

विठ्ठलराव विष्णुजी सातव,
बी. ए. एलएल बी
अध्यक्ष,
पुणे जिल्हा परिषद, पुणे.

99

ऑफिस } २५०८३
निवास } ५३४०९
"चंद्रमा"
७, सहजीवन नगर, १३२-ब भांबुर्डा.
युनिव्हर्सिटी रोड, शिवाजीनगर, पुणे ७.

दिनांक ४ । ९ । १९७५

श्री. वैद्य,
सुपरिटेंडेंट, कर्नाटक हेल्थ होम,
घटप्रभा. जि. बेळगाव, (म्हैसूर).

( यांसी-

महाशय,

पुणे जिल्हा परिषदेचा दि. २९.८.७५ रोजी झालेल्या सर्वसाधारण सभेत डॉ. नारायणराव हार्डीकर, संस्थापक हिंदुस्थानी सेवादल यांच्या दुःखद निधनाबद्दल दुखवटा ठराव मंजूर केला आहे. सोबतचा ठराव क्रं. ४२० आपणाकडे माहितीसाठी पाठवित आहे.

कळावे!

आपला विश्वासू,
19.8.1975
( विठ्ठलराव सातव )
अध्यक्ष
पुणे जिल्हा परिषद, पुणे.

विठ्ठलराव विष्णुजी सातव,
बी. ए. एलएल बी.
अध्यक्ष,
पुणे जिल्हा परिषद, पुणे.

१०७

ऑफिस २५०८३
निवास ५३४०९
"चंद्रमा"
७, सहजीवन नगर, १३२-ब कोथरुड.
युनिव्हर्सिटी रोड, शिवाजीनगर, पुणे ७.

दिनांक / / १९७

पुणे जिल्हा परिषद पुणे ठराव क्र. ४२०

भारतातील एक धडाडीचे स्वातंत्र्यसैनिक हिंदुस्थानी सेवा दलाचे संस्थापक डॉ. नारायणराव हार्डिकर यांचे दिनांक २६ ऑगस्ट १९७५ रोजी वयाच्या ८७ व्या वर्षी दुःखद निधन झाले. काही वर्ष ते राज्यसभेचे सदस्य होते. भारत सरकारने त्यांचे कार्याचा गौरव म्हणून त्यांना पद्मभूषण हा किताब बहाल केला होता. त्यांच्या दुःखद निधनाने आपला देश एका थोर स्वातंत्र्य सैनिकास मुकला आहे. त्यांचे निधनाने त्यांचे कुटुंबियांवर ओढवलेल्या दुःखात ही जिल्हा परिषद सहभागी आहे. व मृतात्म्यास भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पण करीत आहे.

सूचक - मा. अध्यक्षसाहेब

ठराव सर्वानुमते मंजूर.

दिनांक 5/9/65

10

श्री

इन्दौर जिला कांग्रेस सेवा दल संगठक श्री निर्भयसिंह द्वारा सेवा दलके संस्थापक डाक्टर ना०सु०हार्डीकर के दुखद निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। श्री निर्भयसिंहजी ने शोक प्रस्ताव पारित कर दिवंगत को श्रद्धांजली अर्पित की शोक सभा में २ मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत की आत्मा की शांती के लिये प्रार्थना की गई डा० हार्डीकर के परिवार के लिये हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की गई। इस अवसर पर आपने कहा कि डाक्टर साहब के अभाव में हम अनाथ हो गये हैं। ऐसा अद्वितीय प्रेरणा स्त्रोत अब हमें उपलब्ध नहीं हो सकेगा।

निर्भयसिंह कुशवाह

निर्भयसिंह कुशवाह
मुकाम पो० सोलसिन्दा
तहसील सांवेर जिला इन्दौर

102

# शोक प्रस्ताव

देश के महान संगठक व हिन्दुस्तानी सेवादल के संस्थापक त्यागमूर्ति तपोमूर्ति डी. ना. सू. हार्डिकर का दि. २६-८-७५ को इस समस्त देश व्यापी परिवार को छोड़कर सदा के लिए चले गये। डी. हार्डिकर के निधन से न केवल कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल बल्कि समूचे देश व्यापी मानव समाज को क्षति हुई है इनकी पूर्ति असम्भव है

डी. हार्डिकर ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अमेरिका में विद्या अध्ययन करते हुये माननीय देश भक्त स्वर्गीय लाला लाजपतराय के सानिध्य में की। डी. साहब लाला जी के महान अनुयायियों में से एक थे। आपने हिन्दुस्तान में देश सेवा में सच्चे सेवकों की नवयुवक फौज जिनमें संयम चारित्र व अनुशासन हो ऐसे संगठन के रूप में १९२३ में झंडा सत्याग्रह के माध्यम से हिन्दुस्तानी सेवा की स्थापना की।

आजादी के संघर्ष काल में अनेकों देश सेवकों तैयार कर मातृ भूमि की मुक्ति के लिए समर्पित किये।

डी. साहब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निष्ठावान विश्वास पात्र व पं. जवाहर लाल नेहरू के घनिष्ठ मित्र में से थे। वर्षों तक आप कांग्रेस सेवादल के संचालक के रूप में कार्य करते रहे। आपने देश सेवा के लिए सदा के लिए आजीवन ब्रह्मचारी का व्रत निभाया। देश ने आजादी के उपरान्त आपको अद्भुत सेवा त्याग, साधुगी के लिए भारत के राष्ट्रपति ने पदम भूषण से विभूषित किया व राज्य सभा के सदस्य के रूप में सम्मानित किया। आज यह समस्त कांग्रेस सेवादल परिवार अपने आप को सूना समझता है। किन्तु डी. साहब का वह नीला झप पेन्ट व झप सर्ट, झंडा मैदान कठोर अनुशासन की मूर्ति देश के प्रत्येक नागरिक में हृदय से सदा के लिए श्रद्धा प्राप्त करते रहेंगे।

हम सब परिवार के लोग इस दुःखद निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें व उनके आश्रित परिवार को

दुख सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस सेवादल साथियों की ओर से डॉ. साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दि. ५-९-६५

श्रीनिवास गुप्त
संगठक
कांग्रेस सेवादल
[illegible] जिला दुर्ग (म० प्र०)

104

फोन २३१०

# कांग्रेस सेवा दल जिला भरतपुर

भरतपुर (राजस्थान)

क्रमांक ०८

दिनांक ४ सितम्बर, १९७५

## शोक - प्रस्ताव

हम सभी कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता भरतपुर जिले के नें आज दिनांक ४-९-७५ को सेवादल के संस्थापक सम्मानीय स्व० डा० एन०एस० हार्डीकर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया । तथा उनको २ मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई । आप हमारे दल के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता थे । जिन्होंने अपने कर्मठ, ईमानदारी, त्याग की भावना से हमारे दल की सेवा की । तथा उन्होंने अपने इस कार्य को कांग्रेस की सेवा में अर्पित किया । इस अवसर पर हमारे कार्यकर्ताओं ने उनके अनुकरणीय आचरण कर्मठता, ईमानदारी, त्याग और सेवा को सुदृढ़ करने की तथा देश में सेवादल की शान को बढ़ाने की भी शपथ ली ।

प्रतिलिपि -

१- कर्नाटक स्वास्थ संस्थान, घट प्रभा, (कर्नाटक राज्य) ।

२- श्री उमा प्रसाद जी तिवारी, अखिल भारतीय संगठक, कांग्रेस सेवा दल, ५१ डा० राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली ।

३- प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पुलिस लाईन के सामने, जयपुर (राज०) ।

( सुमेर चन्द जैन )
जिला संगठक

105

# महिला जिला संगठिका देहात कोटा

दिनांक 5-6-65

आदरणीय भाई साहब,

[redacted]

बड़ा खेद है कि श्री डा० एन० एस हार्डीकर जी संस्थापक कांग्रेस सेवादल का निधन हुआ जिनका जिवन सदा संगठन का पद प्रदर्शन रहा है जिसकी पूर्ति होना असम्भव है।

मैं अपनी ओर से तथा महिला जिला कोटा संगठन की ओर से शोक प्रकट करती हूं

प्रभु उनकी आत्मा को शान्ती देवे तथा उनके परिवार को धैर्य दे कि वे इस दुखित घटना को सहन कर सकें।

भवदीय
शशिप्रभा दायमा
महिला संगठक-जिला कांग्रेस
सेवादल बाँरा
(कोटा) राज०

